केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 180 गुरूवार 23 जनवरी 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### महिला को मृतक बताकर वृद्धा पेंशन रोका

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। विकास खंड बनकटी के सजनाखोर निवासी गायत्री देवी ने डीएम को शिकायती–पत्र देकर कहा कि वह बनकटी ब्लॉक गेट के सामने एक निजी मकान में रहती हैं। उनको मृतक बताकर उनकी वृद्धा पेंशन को रोक दिया गया है। गायत्री के पति रामकेश ने बताया कि मई 2022 में वृद्धा पेंशन के सत्यापन के दौरान मृतक बताकर वृद्धा पेंशन रोक दिया गया था। उसके बाद गायत्री देवी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी बस्ती एवं निदेशक समाज कल्याण लखनऊ को एक शिकायती–पत्र दिया था। जिला समाज कल्याण अधिकारी बस्ती ने बीडीओ बनकटी को जांच कर आख्या देने को कहा था। आरोप है कि बीडीओ बनकटी ने इस विषय पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं किया। गायत्री देवी की वृद्धा पेंशन बहाल नहीं हुई। गायत्री देवी ने डीएम से अपनी पेंशन बहाल करने मांग की है।

### मण्डलीय समीक्षा बैठक 28 को

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक 28 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे से कबीर ऑडिटोरियम, मगहर संतकबीर नगर में आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने बताया कि सी.एम. डैशबोर्ड पर उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं के साथ–साथ विगत बैठक की अनुपालन आख्या एवं जनपदों में निवेश बढ़ाने हेतु की गयी कार्यवाही, क्रेडिट–डिपोजिट रेशियो (सीडी रेशियों) थार प्लांट, 100 दिवसीय टी.बी. उन्मूलन अभियान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, फार्मर रजिस्ट्री, जीरो पावर्टी तथा पी.एम. सूर्यघर पर समीक्षा की जायेंगी।

### राम जानकी मंदिर परिसर में हुआ विशाल भंडारा



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

कुदरहा (बस्ती)। अयोध्या में मर्यादा पुरुर्षात्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण के एक वर्ष पूर्ण होने पर कुदरहा कस्बे में रामजानकी मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर के महंथ बाबा संतराम दास के संरक्षण में हुआ। जिसमें हजारो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किए।

भंड़ारा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देवा ने भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजक दिवाकर चौधरी, बजरंगी शर्मा व शैलेष शुक्ला ने अतिथि को अंगवस्त्र दे कर स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने कहा कि प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर निर्माण हिंदू धर्म के लिए ऐतिहासिक कार्य है। भंड़ारे का प्रसाद ग्रहण करने से सुख व समृद्धि की प्राप्ति होती है। पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देवा ने कहा कि भंड़ारा करना और प्रसाद ग्रहण करना दोनों पुनीत कार्य है।

भंडारे में मानवेंद्र पाल, मनोज अग्रहरी, मुकेश मौर्य, मुकेश अग्रहरि, अनुपम, मनोज, राजू अग्रहरि, सतीश मोदनवाल, अरुण त्रिपाठी, शिव शंकर चौरसिया, शुभम तिवारी, राम प्रकाश, अजय गुप्ता, सोनू यादव, दिनेश अग्रहरि, दुर्गा अग्रहरि, शशिधर त्रिपाठी, अरुण पाल, रविंद्र अग्रहरि, भीमप्रकाश, रामजीत चौधरी, संजय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# महाकुंभ में योगी कैबिनेट की बैठक गंगा एक्सप्रेसवे के एक्सटेंशन को मंजूरी

**प्रयागराज (आभा)।** महाकुंभ में आयोजित यूपी की योगी कैबिनेट ने गंगा एक्सप्रेसवे के एक्सटेंशन को मंजूरी दे दी है। मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा गंगा एक्सप्रेसवे अब मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी और चंदौली से होते हुए गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा। इसके बनने से पश्चिमी यूपी और एनसीआर से बिहार के लिए नया रूट भी मिल जाएगा। गाजीपुर का बड़ा इलाका बिहार से जुड़ा है। गंगा एक्सप्रेसवे को मंजूरी भी 2019 के कुंभ में आयोजित योगी कैबिनेट की बैठक में मिली थी। लखनऊ के पांच जिलों को मिलाकर बन रहे स्टेट कैपिटल रिजन की तर्ज पर प्रयागराज–चित्रकूट डेवलेपमेंट रीजन का प्रस्ताव योगी कैबिनेट में रखा गया था। इसी को बुधवार को स्वीकृति मिल गई है।

प्रस्ताव के तहत गंगा एक्सप्रेस वे एक्सटेंशन प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर तक बनेगा। गाजीपुर में ही लखनऊ से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे भी



आया है। ऐसे में गंगा एक्सप्रेसवे गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा। इसके साथ ही वाराणसी से चंदौली के रास्ते सोनभद्र को जोड़ा जाएगा। यह एक्सप्रेसवे प्रयागराज–विंध्य–काशी एक्सप्रेस वे के रूप में जाना जाएगा।

इसके साथ ही वाराणसी–विंध्य डेवलपमेंट रीजन के सम्बन्ध में चर्चा भी हुई। चित्रकूट से प्रयागराज को जोड़ने हेतु गंगा एक्सप्रेस वे को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़ने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई है। रीवा नेशनल हाइवे से जुड़ने की सुविधा के लिए भी कार्य होंगे।प्रयागराज में यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर एक नए पुल के निर्माण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई है। प्रयागराज से मिर्जापुर, जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़ गोरखपुर के कनेक्टिविटी के लिए सलोरी– हेतापट्टी झूंसी के बीच फोर लेन ब्रिज को भी मंजूरी मिली है।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रयागराज के सर्वांगीण विकास के लिये कटिबद्ध है। इसके तहत आज एससीआर की तर्ज पर प्रयागराज–चित्रकूट डेवलपमेंट रीजन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है, जबकि गंगा एक्सप्रेस वे को प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली और गाजीपुर के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस मार्ग को प्रयागराज–विंध्य–काशी एक्सप्रेस वे के रूप में जाना जाएगा। बैठक में वाराणसी–विंध्य डेवलपमेंट रीजन के सम्बन्ध में चर्चा की गयी है। चित्रकूट से प्रयागराज को जोड़ने के लिये गंगा एक्सप्रेस वे को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी है।बताया कि प्रयागराज नगर निगम, वाराणसी नगर निगम व आगरा नगर निगम के लिये म्युनिसिपल बांड जारी करने और अवस्थापना विकास निधि से क्रेडिट रेटिंग इंहेन्समेंट के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने पर अनुमोदन प्राप्त किये जाने के सम्बंध में मंजूरी दी गयी है।

## नगर पालिका क्षेत्र में खुलेंगी डिजिटल लाइब्रेरी तेजी से होगा विकास- अंकुर वर्मा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि भाजपा की सरकार में विकास के अनेक कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। कहा कि लम्बे समय से मालवीय रोड का निर्माण नहीं हो पा रहा था जो पूरा हुआ। निरन्तर विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। बताया कि नगर पालिका के विस्तार और गांवों को सम्बद्ध किये जाने का मामला लम्बित है जिसे शीघ्र लागू कराया जायेगा। बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी, रिवर फ्रन्ट के साथ ही अनेक प्रस्तावों पर शीघ्र स्वीकृति के बाद कार्य कराये जायेंगे।



पत्रकारों के अनेक प्रश्नों का उत्तर देते हुये अंकुर वर्मा ने कहा कि शहर की जनता ने जिस विश्वास के साथ सेवा का अवसर दिया है उस पर वे खरा उतरेंगे। शहर में प्रकाश, पेयजल, सडक, नाली, खण्डजा आदि का चरणबद्ध ढंग से निर्माण कराया जा रहा है।

## बार एसोसिएशन पदाधिकारियों को शपथ

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बार एसोसिएशन हर्रैया के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को तहसील अधिवक्ता सभागार में शपथ ग्रहण कराया गया। चुनाव अधिकारी कृपाशंकर यादव ने नव निर्वाचित बार के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि ग्राम न्यायालय हर्रैया के न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने कहा कि बार और बेंच के बीच आपसी संबंध बहुत महत्वपूर्ण होता है।

एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने कहा बार बेंच में आपसी तालमेल जरूरी है। नायब तहसीलदार सदर शौकत अली व अन्य अतिथियों ने अपना विचार रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम मिश्र ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## 15 बसों में 900 यात्री महाकुंभ के लिए रवाना




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हर्रैया विधायक अजय सिंह के द्वारा निशुल्क प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या भगवान राम के दर्शन के लिए क्षेत्रवासियों को भेजे जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को पांचवे चरण में 15 बसों में 900 तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। विधायक प्रतिनिधि सरोज मिश्र और अन्य के द्वारा झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया गया। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि यह बसें तीर्थयात्रियों को लेकर महाकुंभ में प्रयागराज जाएंगी, जहां उन्हें दर्शन स्नान कराने के बाद वापस अयोध्या दर्शन कराते हुए उनके गंतव्य तक पहुंचाएंगी। यह सिलसिला आखिरी स्नान शिवरात्रि तक लगातार अनवरत जारी रहेगा। कहा कि निशुल्क महाकुंभ यात्रा के लिए लोगों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों के लिए रहने–खाने इत्यादि की भी व्यवस्था निःशुल्क कराई गई है।


इस अवसर पर भाजपा नेता बलराम सिंह, परशुरामपुर प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश पान्डेय, अखिलेश सिंह प्रधान, कौशलेंद्र सिंह प्रधान, मुन्ना सिंह प्रधान, अमरनाथ सिंह, कौशलाधीष पान्डेय, देव दीपक पाण्डेय, पप्पू पान्डेय, भगवान बाबा, राजन पान्डेय, बीरू सिंह, लवकुश वर्मा, जग्गू सिंह, दुर्गेश सिंह, विनोद गुप्ता, मनोज पाण्डेय, अंकित चौधरी, विनोद गुप्ता, नंदलाल, दुर्गेश सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# रहस्यमयी बीमारी वाला गांव सील, 17 मौतों के बाद जागा तंत्र

**श्रीनगर (आभा)।** जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले से 55 किलोमीटर दूर स्थित बधाल गांव में एक रहस्यमयी बीमारी के कारण 17 लोगों की मौत के बाद इसे कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। मृतकों में 13 बच्चे शामिल हैं। जिला प्रशासन ने गांव में बीएनएसएस की धारा 163 (पहले ये धारा 144 थी) लागू कर दी है और प्रभावित परिवारों के घरों को सील कर दिया गया है।

जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि, ष्बधाल को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। गांव को तीन जोन में विभाजित किया गया है और सभी सार्वजनिक और निजी सभाओं पर रोक लगा दी गई है। प्रभावित परिवारों को भोजन और पानी की आपूर्ति की निगरानी के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने मंगलवार देर रात स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा सचिव, जम्मू के एडीजीपी, राजौरी–पुंछ रेंज के डीआईजी, जिला आयुक्त राजौरी, जीएमसी जम्मू और राजौरी के प्रधानाचार्य सहित कई राष्ट्रीय स्वास्थ्य



संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल थे। डुल्लू ने स्वास्थ्य और पुलिस विभाग को सख्त रोकथाम के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों विभागों को गांव की आबादी की निगरानी के लिए उचित एसओपी तैयार करने की सलाह दी। उन्होंने स्वास्थ्य और पुलिस विभाग को गांव में पर्याप्त संख्या में कर्मी तैनात करने के लिए कहा ताकि एसओपी का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

डुल्लू ने आगे कहा कि संभागीय और जिला प्रशासन को अपनी सतर्कता में कोई ढील नहीं देनी चाहिए और केवल टेस्ट किए गए खाद्य और गैर–खाद्य पदार्थों को ही क्वारंटीन किए गए लोगों को इस्तेमाल करने की अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक इन मौतों के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल जाता, तब तक पुलिस और स्वास्थ्य पेशेवरों को निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार अपनी जांच जारी रखनी चाहिए। सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ. सैयद आबिद रशीद शाह ने बैठक में बताया कि परिवारों को आइसोलेट करने तथा उनकी जांच के बाद उन्हें भोजन और पानी उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव उपाय किए गए हैं। किसी भी व्यक्ति में लक्षण दिखने पर निगरानी रखने के लिए स्वास्थ्य टीमें वहां तैनात हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को तैयार रखा गया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी भोजन या खाद्य सामग्री आपस में न मिले।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह बीमारी पहली बार 7 दिसंबर को 40 वर्षीय फजल हुसैन और उनके परिवार में सामने आई। 8 दिसंबर को फजल हुसैन की मौत हो गई, इसके बाद उनकी बेटियां फरमाना (7) और राबिया कौसर (14) और बेटे रुकसान अहमद (10) की मौत हो गई। 12 दिसंबर को उनका सबसे छोटा बेटा रफ्तार अहमद (4) भी चल बसा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर गांव के 30 लोगों को जीएमसी राजौरी के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया है। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल में एक और आइसोलेशन वार्ड तैयार किया जा रहा है।

## पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह से कूदे यात्री, 10 की मौत

**मुम्बई (आभा)।** महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में 10 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए । महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश



महाजन का कहना है कि जलगांव जिले के कलेक्टर के मुताबिक हादसे में 10 से 12 यात्रियों की मौत हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

मध्य रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच में आग लगने की अफवाह के बाद पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास चेन पुलिंग की गई। ट्रेन रुकने से पहले अफरातफरी में यात्रियों ने उतरना शुरू कर दिया। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा कि पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री नीचे उतर गए और सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। मंडल रेल प्रबंधक भुसावल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। रेलवे की मेडिकल टीम, रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर और स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

## डीएम ने किया विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड सदर के ग्राम पंचायत महादेवा में वेदौवरी से भैंसानाथ मन्दिर तक सड़क के दोनों तरफ मिट्टी पटाई के मनरेगा कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य कर रहे श्रमिकों का स्थल पर ऑनलाइन उपस्थिति लगवाया तथा ग्राम रोजगार सेवक देवेन्द्र यादव से 10–10 मनरेगा मजूदरों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड करवाया। ऑनलाइन उपस्थिति में प्रथम बार के मजदूरों के फोटोग्राफ्स दूसरी बार ऑनलाइन



उपस्थित में अपलोड हो गये तथा मजदूरों के फोटोग्राफ्स अलग–अलग स्पष्ट नहीं थे।

इस स्थिति पर उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी सदर को निर्देशित किया कि मनरेगा मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड करते समय मजदूरों के फोटोग्राफ्स सामने से लें, जिन मजदूरों की उपस्थिति एक बार अपलोड हो जाय, उनकी ऑनलाइन उपस्थिति दोबारा अपलोड न होने पाये। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टर, नर्स एम्बुलेन्स की मांगः डीएम को सौंपा ज्ञापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी कप्तानगंज के विधानसभाध्यक्ष आशीष राजभर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर दुबौलिया विकास खण्ड क्षेत्र के आराजीडूही धर्मूपुर मुस्तहकम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेन्स और डाक्टर, नर्स तैनात किये जाने की मांग किया। डीएम ने आश्वासन दिया कि व्यवस्था करायी जायेगी।



ज्ञापन देने के बाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज राजभर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, मंत्री प्रतिनिधि अमन राजभर ने कहा कि आराजीडूही धर्मूपुर मुस्तहकम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द में कोई सुविधा न होने के कारण इसका लाभ स्थानीय नागरिकों को ईलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। कहा कि यदि मांगे पूरी न हुई तो डीएम कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। विधानसभाध्यक्ष आशीष राजभर ने कहा कि सरकार भले ही बड़े दावे करे किन्तु सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थिति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। अनेक केन्द्रों पर डाक्टर नहीं हैं और सुविधायें न के बराबर है।

डीएम को ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उदयभान मौर्य, राहुल निषाद, दीपक यादव, अर्जुन राजभर, गुड्डू राजभर, राम पदारथ यादव, रामपाल राजभर, जीत कुमार, अमरजीत राजभर, रामेन्द्र राजभर, इन्द्रजीत राजभर, अंकित राजभर आदि शामिल रहे।

## चित्रांश क्लब पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में सामाजिक कार्यो पर जोर




### –फूल मालाओं के साथ हुआ पदाधिकारियों का स्वागतः प्रमाण पत्र वितरित

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । चित्रांश क्लब पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संकल्पों के साथ सम्पन्न हुआ। राज माता आसमा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने महिला विंग की अध्यक्ष लक्ष्मी अरोरा और उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाया। इसी कड़ी में पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने चित्रांश क्लब अध्यक्ष प्रकाश मोहन श्रीवास्तव और अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराने के साथ ही प्रमाण–पत्र का वितरण किया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संस्थापक राजेश चित्रगुप्त, रेखा चित्रगुप्त द्वारा स्थापित चित्रांश क्लब पिछले तीन दशक ने निरन्तर समाज सेवा के कार्यो को आगे बढा रहा है। संरक्षक दिनेश श्रीवास्तव 'मास्टर साहब' ने पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे क्लब के दिशा निर्देश के अनुरूप चित्रांश क्लब के सरोकारों से जन मानस को जोड़े।

शपथ ग्रहण समारोह में महिला विंग अध्यक्ष लक्ष्मी अरोरा, सविता श्रीवास्तव, संज्ञा श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, सुमन श्रीवास्तव महामंत्री, रूमी बाधवा कोषाध्यक्ष, संजू श्रीवास्तव संगठन मंत्री, प्रतिभा मंत्री, अर्चना सांस्कृतिक सचिव, किरन श्रीवास्तव, वीना ने शपथ लिया। इसी क्रम में चित्रांश क्लब अध्यक्ष प्रकाश मोहन श्रीवास्तव रूपेश श्रीवास्तव, दीपू अनिल पाण्डेय, अतुल श्रीवास्तव दद्दुल उपाध्यक्ष, उमंग शुक्ला महामंत्री, अवनीश सिंह कोषाध्यक्ष, मुजीब अंसारी, अयाज, सूरज, शेषनरायन गुप्ता संगठन मंत्री, नीरज सिंह मंत्री, अजीत यादव मंत्री, अवनीश सिंह कोषाध्यक्ष, अभिषेक गुप्ता,वरूण यादव, संयुक्त मंत्री, मीडिया प्रभारी अमर सोनी, मुनव्वर हुसेन प्रवक्ता, अविनाश श्रीवास्तव, विजय सिंह प्रधान, अमृत पाल 'सनम' जय प्रकाश उपाध्याय संरक्षक के साथ ही अजय श्रीवास्तव, अंशुल आनन्द, मनीष पाठक को शपथ दिलाया गया। इसी क्रम में प्रेस क्लब सभागार और चित्रगुप्त मंदिर सभागार में हुये कार्यकम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष रत्नाकर आदर्श श्रीवास्तव का फूल मालाओं के साथ योगदान के लिये स्वागत किया गया।

कार्यकम में मुख्य रूप से महिला थानाध्यक्ष शालिनी, लता सिंह, संध्या दीक्षित, सुषमा चौधरी, नीलम सिंह, प्रतिमा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, अंकुर वर्मा, सुरेन्द्र मोहन वर्मा सन्तोष सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, डा. बी.के., गोपेश्वर तिवारी, मयंक श्रीवास्तव, डा. प्रसून श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार प्रजापति, जी. रहमान, आशीष आदि ने चित्रांश क्लब के कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य रूप से रामानन्द नन्हें, अनुज राही, भक्ति नरायन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, मो. इस्माइल, रमेश, संजय पाठक, शीला पाठक, ज्योति सिंह, किरन पाण्डेय, संध्या पाण्डेय, अपराजिता श्रीवास्तव, नम्रता के साथ ही चित्रांश क्लब के पदाधिकारी, सदस्य और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मैं इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 23 जनवरी 2025 गुरूवार

## सम्पादकीय

# अमेरिका में ट्रम्प और भारत

यूं भी अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। लेकिन जब ट्रंप जैसा अप्रत्याशित व अमेरिका फस्ट ' का जयकारा लगाने वाला राष्ट्रपति सत्तासीन हो, तो दुनिया सांसत में ही रहेगी। शपथ ग्रहण के बाद जिस तरह असहज करने वाले कार्यकारी आदेश जारी किए गए, ये उसी की आहट है। लगता है अमेरिका के लिये स्वर्णयुग लाने का दावा करने वाले ट्रंप को लोकतांत्रिक मूल्यों, दुनिया की सेहत और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण से कोई सरोकार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली बड़ी अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं। विश्व को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध पेरिस जलवायु समझौते से भी किनारा कर उन्होंने अपने इरादे जाहिर किए हैं। यह जानते हुए भी कि बीता साल दुनिया में अब तक का सबसे गर्म साल रहा था। यहां तक कि इन प्रभावों से पिछले दिनों लॉस एंजिल्स की भयावह आग ने अमेरिका के दरवाजे पर पिछले दिनों दस्तक दी है। वहीं दूसरी ओर तमाम आर्थिक मुश्किलों से जूझते व बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका का रुख करने वाले प्रवासी उनके लिये दुश्मन नंबर वन हैं। जिनको रोकने के लिये अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाना उनका महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। वे लाखों अवैध प्रवासियों को अमेरिका से खदेड़ने की बात बार–बार कहते हैं। वहीं अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते वे चीन समेत अन्य विकासशील देशों पर अंधाधुंध टैरिफ लगाकर मुनाफे का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में झुकाने पर अड़े हैं। यहां तक कि उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेताया है कि यदि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा चलन में लाने का प्रयास किया गया तो वे भारत,रूस व चीन आदि पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। विशेष रूप से चीन उनके निशाने पर है, जो अमेरिका के नंबर एक दावे को चुनौती देने की क्षमता रखता है। दुनिया के तमाम देशों को उनके बड़बोले बयानों के मद्देनजर मुश्किल समय हेतु तैयार रहना चाहिए।

दरअसल, केवल विकासशील व तीसरी दुनिया के देश ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा के बयानों को लेकर यूरोपीय देशों में ट्रंप को लेकर खासी नाराजगी नजर आ रही है। पनामा नहर का प्रबंधन हासिल करने के बयानों पर भी तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कभी वे कनाडा को अमेरिका में शामिल करने के दावे करते हैं। आते ही कनाडा पर टैरिफ बढ़ाकर उन्होंने अपने मंसूबे जाहिर किए हैं। पिछले कुछ वर्षों में महामारी के प्रभावों से उबरते हुए तमाम बीमारियों से जूझते विश्व को ट्रंप ने बड़ा झटका दिया है। मानवता के कल्याण को समर्पित डब्ल्यूएचओ की आर्थिक मदद बंद करने से विकासशील व गरीब मुल्कों का स्वास्थ्य तंत्र अब भगवान भरोसे रह जाएगा। यदि विश्व में फिर किसी महामारी की दस्तक होती है तो पूरी दुनिया में स्थितियां गंभीर होंगी। विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में यूं पूंजीवादी सोच व नीतियों का वर्चस्व बेहद चिंता की बात है। जिस बात की चिंता पिछले दिनों निवर्तमान राष्ट्रपाति जो बाइडेन भी जता चुके हैं। लेकिन उग्र राष्ट्रवाद के खुमार में डूबे अमेरिकी कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। पर्दे के पीछे 'ट्रंप उदय' के पीछे दुनिया के सबसे अमीर पूंजीपतियों में शुमार एलन मस्क की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि अमेरिका फर्स्ट की नीतियों के प्रबल पैरोकार ट्रंप को दुनिया के सामाजिक, आर्थिक व सेहत के सरोकारों से कुछ भी लेना–देना नहीं है। कमोबेश यही स्थितियां अमेरिका की विदेश नीति में भी उजागर होंगी। फिलहाल, इस्राइल–हमास संघर्ष थमता दिख रहा है, लेकिन ये कब तक थमा रहता है, कहना कठिन है। जाते–जाते संघर्ष विराम का श्रेय लेने की होड़ में जो बाइडेन इस्राइल–हमास संघर्ष को फौरी तौर पर रोक तो गए हैं,लेकिन इसके लंबे समय तक थमे रहने के आसार कम ही हैं। वहीं ट्रंप रूस–यूक्रेन युद्ध को भी रुकवाने की बात कर रहे हैं,लेकिन वे अपने यूरोपीय सहयोगियों को नाराज करके इसमें कितना कामयाब होते हैं, ये भविष्य के गर्भ में निहित है।

# नये सन्दर्भों में भारत–चीन सम्बन्ध



—प्रियंका सौरभ—



**भारत की सागरमाला परियोजना हंबनटोटा जैसे समुद्र में चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए रणनीतिक भारतीय बंदरगाहों के विकास को सुनिश्चित करती है। भारत चीन के आपूर्ति शृंखला प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी देशों जैसे पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय विनिर्माण केंद्र विकसित करने में रणनीतिक रूप से निवेश कर सकता है। औद्योगिक पार्कों का निर्माण करके और इन क्षेत्रों में परिचालन का विस्तार करने के लिए भारतीय फर्मों को प्रोत्साहित करके, भारत वैकल्पिक आपूर्ति शृंखलाएँ बना सकता है।**

भारत गैर–प्रतिस्थापनीय आयातों के लिए चुनिंदा व्यापार सम्बंधों को बनाए रखते हुए महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए, सेमीकंडक्टर के लिए पीएलआई योजना माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसी वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर रही है, जबकि भारत घरेलू क्षमता बढ़ने तक चीन से उन्नत सिलिकॉन वेफर्स का आयात जारी रखता है। इसी तरह, टैरिफ वृद्धि और स्थानीय विनिर्माण द्वारा समर्थित भारत के खिलौना उद्योग ने चीन से आयात कम कर दिया। हरित ऊर्जा में सहयोग, विविध भागीदाररू भारत साझा चिंताओं को दूर करने के लिए ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय जलवायु मंचों पर चीन के साथ जुड़ सकता है, जबकि विविध देशों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। भारत ने इंडो–जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स के माध्यम से हरित हाइड्रोजन विकास में जर्मनी के साथ भागीदारी की, जबकि जापान के साथ सौर बैटरी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर भी बातचीत की। इस बीच, भारत घरेलू नवीकरणीय उद्योगों में क्षमता निर्माण के लिए पवन टर्बाइनों में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है।

महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए स्वदेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए ईवी विनिर्माण जैसे गैर–संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी फर्मों के साथ साझेदारी को प्रोत्साहित करें। उदाहरण के लिए, चीन की इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख कंपनी बीवाईडी भारत में विनिर्माण कार्य शुरू करने के लिए उत्सुक है, जैसे ही श्सभी कारकश् श्आगे बढ़नेश् का संकेत देते हैं और योजना निरंतर मूल्यांकन के अधीन है। भारत कूटनीतिक जुड़ाव जारी रखते हुए चीन की मुखर उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए सीमा पर बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत के (सीमा सड़क संगठन) ने लद्दाख तक पहुँच को बेहतर बनाने के लिए अटल सुरंग को पूरा किया, जबकि दिसम्बर 2024 में भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के माध्यम से कूटनीतिक प्रयासों ने कुछ क्षेत्रों में तनाव कम किया। भारत साझा विकास लक्ष्यों के लिए एआईआईबी और एससीओ जैसे प्लेटफॉर्म का लाभ उठा सकता है जबकि क्वाड जैसी साझेदारी के माध्यम से चीन के प्रभाव को संतुलित कर सकता है। उदाहरण के लिए, एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद–रोधी ढांचे में भारत की सक्रिय भागीदारी आतंकवाद–रोधी सहयोग सुनिश्चित करती है, जबकि साथ ही सेमीकंडक्टर और दुर्लभ पृथ्वी के स्रोत में विविधता लाने के लिए क्वाड की आपूर्ति शृंखला लचीलापन पहल का उपयोग करती है।

प्रौद्योगिकी सहयोग, स्वदेशी नवाचाररू भारत कृषि के लिए एआई जैसे कम संवेदनशील क्षेत्रों में चीन के साथ सहयोग कर सकता है, जबकि महत्त्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत भारतनेट और चंद्रयान मिशन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 5जी और उपग्रह तकनीक में घरेलू प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, सटीक खेती एआई में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। भारत चीन के साथ आर्थिक जुड़ाव बनाए रखते हुए आसियान, दक्षिण कोरिया और अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार साझेदारी को गहरा करके चीनी आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी ने वियतनाम के साथ मजबूत व्यापार सम्बंधों को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायनों में, जिससे चीनी आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भरता कम हुई। भारत क्वाड नौसैनिक अभ्यास के माध्यम से नौसैनिक गठबंधनों को मजबूत कर सकता है, जबकि हिंद महासागर में तनाव को रोकने के लिए कूटनीतिक रूप से चीन से जुड़ सकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने अंतर–संचालन को बढ़ाने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मालाबार 2023 अभ्यास किया।

जबकि, भारत की सागरमाला परियोजना हंबनटोटा जैसे समुद्र में चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए रणनीतिक भारतीय बंदरगाहों के विकास को सुनिश्चित करती है। भारत चीन के आपूर्ति शृंखला प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी देशों जैसे पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय विनिर्माण केंद्र विकसित करने में रणनीतिक रूप से निवेश कर सकता है। औद्योगिक पार्कों का निर्माण करके और इन क्षेत्रों में परिचालन का विस्तार करने के लिए भारतीय फर्मों को प्रोत्साहित करके, भारत वैकल्पिक आपूर्ति शृंखलाएँ बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत कपड़ा विनिर्माण के लिए इथियोपिया के साथ साझेदारी कर सकता है, जिससे निर्भरता में विविधता आएगी और भू–राजनीतिक सद्भावना बनेगी। भारत क्षेत्रीय स्थिरता का प्रबंधन करने के लिए चीन के साथ कूटनीतिक चर्चा करते हुए नागरिक और सैन्य दोनों जरूरतों को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, रसद के लिए पोर्ट ब्लेयर की क्षमता का विस्तार संघर्ष को बढ़ाए बिना भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को दर्शाता है।

यह चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति का मुकाबला करते हुए इंडो–पैसिफिक में आपूर्ति शृंखला कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित करता है। भारत चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को कम करने के लिए दुर्लभ पृथ्वी खनिजों, एपीआई और अर्धचालकों जैसे महत्त्वपूर्ण आयातों के रणनीतिक भंडार बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत लिथियम के लिए ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ साझेदारी स्थापित कर सकता है, ईवी विनिर्माण जैसे उद्योगों का समर्थन करने के लिए भंडार बना सकता है। यह भू–राजनीतिक तनावों के दौरान घबराहट से प्रेरित निर्भरता को कम करते हुए आपूर्ति शृंखला लचीलापन सुनिश्चित करता है। कपड़ा और खिलौने जैसे क्षेत्रों में सस्ते चीनी आयात का मुकाबला करने के लिए, भारत ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग के साथ उन्हें एकीकृत करके पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित कर सकता है। उदाहरण के लिए, ष्एक जिला, एक उत्पाद जैसी योजनाओं के तहत उत्पादों का निर्यात करते हुए अमेजन और फिलपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी करके पोचमपल्ली रेशम, बनारसी साड़ियों और भारतीय लकड़ी के खिलौनों की वैश्विक स्तर पर पहुँच बढ़ाई जा सकती है। यह भारत के एम्एसमीई पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए कम तकनीक वाले क्षेत्रों में चीनी आयात पर निर्भरता को कम करता है।

भारत–चीन सम्बंध अभिसरण और घर्षण दोनों से चिह्नित हैं, जिसके लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जबकि व्यापार, जलवायु कार्यवाही और बहुपक्षीय सहयोग जैसे क्षेत्र अवसर प्रदान करते हैं, सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और भू–राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जैसी चुनौतियाँ बनी रहती हैं। भारत को आत्मनिर्भरता और आपूर्ति शृंखला विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतिक सावधानी के साथ जुड़ाव को संतुलित करना चाहिए। गठबंधनों को मजबूत करना, घरेलू नवाचार को बढ़ावा देना और आर्थिक लचीलेपन को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। एक व्यावहारिक और बहुआयामी रणनीति अपनाकर, भारत क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए अपने हितों की रक्षा कर सकता है।

# जान लेवा होता चीनी मांझा



—निर्मल रानी—



विश्व के सबसे बड़े बाजार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीजों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाजार में भरे पड़े हैं वहीं चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली,नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट,मशीनरी,कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन,क्रॉकरी,फर्नीचर,हार्डवेयर, आतिशबाजी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र,फोटो फ्रेम,नजर बट्टू,कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है 'चाईना डोर'।

'चाईना डोर ' का प्रयोग पतंगबाजी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाजी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फुर्सत के लम्हे पतंगबाजी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीं पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर ध्मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाजी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरुआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग जख्मी हो जाते थे। परन्तु आखिरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाजार में चाइनीज मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाजी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। हालत यह हो गयी है कि शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिस दिन देश के किसी न किसी कोने से चाईना डोर के चलते होने वाले हादसों की खबरें न आती हों। दरअसल चाईना डोर में प्रयुक्त धागा किसी ऐसी सामग्री का बना हुआ तेज धार वाला धागा है जो किसी व्यक्ति,वाहन पशु पक्षी से उलझने के बावजूद खिंचने पर आसानी से टूटता नहीं।

पिछले दिनों हद तो यह हो गयी कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन ही अकेले गुजरात में ही 6 लोग पतंगबाजी में मर गये। आश्चर्य तो यह कि स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर उसी दिन गुजरात में ही स्थानीय लोगों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया। उन्होंने उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर शहर के मेमनगर इलाके में शांतिनिकेतन अपार्टमेंट की छत पर पतंग उड़ाई। पूरे दिन में दिन चाइना डोर से अनेक लोगों की मौत हो गयी। इसका तीखापन,धार व मजबूती ऐसी है कि आजके दौर में दुपहिया व चारपहिया वाहनों में इस्तेमाल होने वाले फाईबर या प्लास्टिक के बने बम्पर,लेग गॉर्ड अथवा अन्य एसेसरीज को भी यह काट देता है। जाहिर है ऐसे में प्राणियों का बचने का सवाल ही नहीं है। उदाहरणार्थ गत दिनों लुधियाना में एक मोर के गले में यही प्लास्टिक टाइप चाइना डोर फँस गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। समाचार यह भी है कि यह मांझा सुचालक होता है जिसके कारण इसमें करेंट प्रवाहित हो जाता है। चाईना डोर से करंट लगने से भी कई मौतें हो चुकी हैं। गले,कलाई और हाथों की नस कटना और अत्यधिक रक्त प्रवाह के चलते मौत होने की तो अनेकानेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

पिछले दिनों अमृतसर व जालंधर में एक ही दिन में घटी दो अलग अलग घटनाओं में 19 वर्षीय पवनदीप व 45 वर्षीय की मौत हो गयी। इन दोनों की मौत चाईना डोर से गले में सांस की नस कट जाने के कारण हुई। इस मामले में दोनों ही जगह पुलिस द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकददमा दर्ज किया गया है। सवाल यह है कि किस पर चलना चाहिये हत्या का मुकद्दमा?

# वैज्ञानिक उपलब्धि और देश का आर्थिक विकास

—संजीव ठाकुर—



भारत के कृषि, चिकित्सा,संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है। इसरो के साथ सभी क्षेत्र के वैज्ञानिकों को अनंत बधाइयां ।

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर–तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है ई गवर्नेंस वस्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं।

# नशेड़ी बेटे ने धारदार हथियार से मां को मार डाला





**संवाददाता—देवरिया।** जिला मुख्यालय के एक मोहल्ले में बेटे ने अपनी मां के सिर पर धारदार हथियार से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर एएसपी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया। वारदात के बाद से हत्यारोपी बेटा फरार है। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी बेटा नशे का आदी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के देवरिया खास चौरसिया चौक बरई टोला वार्ड नंबर 22 निवासी अंजना जायसवाल (45) पत्नी स्वर्गीय हरिश्चंद्र जायसवाल अपने मायके में मकान बना कर रह रही थी। वह एक प्राइवेट विद्यालय में टीचर थीं। बुधवार को उनका बेटा दीपक जायसवाल उर्फ हिमांशु जायसवाल घर पहुंचा। उसी दौरान किसी बात को लेकर मां के सिर पर धारदार हथियार से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। बेटे द्वारा मां की हत्या की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ संजय कुमार रेड्डी और कोतवाल दिलीप सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद बेटा मौके से फरार हो गया। एसपी विक्रांत वीर ने घटनास्थल पर पहुंचकर वारदात की जानकारी ली।

एसपी विक्रांत वीर ने कहा कि दोपहर करीब 12 बजे एक महिला का शव उसके घर में पड़े होने की जानकारी 112 पर मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज छानबीन में जुटी हुई है। शव के पास से एक धारदार हथियार बरामद हुआ है। फोरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य एकत्र कर रही है। जल्द ही हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में तीन घायल, एक रेफर

**संवाददाता—श्रावस्ती।** थाना मल्हीपुर क्षेत्र के कानीबोझी चौराहे पर आमने—सामने दो मोटर साइकिल की भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया। जिसमें एक घायल को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहनपुर भरथा निवासी पुल्लू (35) पुत्र सियाराम मंगलवार रात में मोटर साइकिल से इसी थाना क्षेत्र के कोदिया गांव स्थित अपने ससुराल जा रहा था। कानीबोझी चौराहा पहुंचने पर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कानीबोझी के मजरा प्रतापपुर गांव निवासी नफीस अली (28) पुत्र साबिर अली मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने बहनोई को मलंग गांव छोड़ने जा रहे था। कानीबोझी चौराहे पर दोनों मोटर साइकिल आमने—सामने भिड़ गईं। जिससे मोटर साइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस पर आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां के चिकित्सकों ने अपने प्राथमिक उपचार के बाद नफीस अली को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# सांसद राम प्रसाद चौधरी ने किया राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्मृति खेल कुंभ का उद्घाटन

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती। देशराज नारंग इण्टर कालेज वाल्टरगंज में चल रहे राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्मृति खेल कुंभ में बुधवार को एथलेटिक्स खेलों का उद्घाटन सांसद राम प्रसाद चौधरी ने किया। आयोजक ऐश्वर्य राज सिंह व चंद्र भूषण सिंह ने शाल व स्मृति चिन्ह देकर सांसद का सम्मान किया। सांसद ने राजा लक्ष्मेश्वर सिंह को याद करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।




उन्होने कहा कि एक करोड़ चालीस लाख भारतीय नागरिकों वाले देश में ओलंपिक खेलों में कम मेडल ही मिलते हैं। ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को नई ऊर्जा मिलेगी। खो खो, कबड्डी खेलों का उद्घाटन जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने मसूरी में छात्र जीवन में हुए खेलों को याद करते हुए खिलाड़ियों को खेल के बारे में महत्वपूर्ण सलाह दी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने 1500 मीटर रेस में बालक बालिका वर्ग के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मशाल प्रज्वलित कर श्याम लाल वरुण, कर्नल केसी पाण्डेय, भरत चौधरी व हनुमान सिंह ने मैदान का भ्रमण किया।

इस खेल कुंभ में लगभग 500 खिलाड़ी अलग अलग स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। आर एल एस सेवा, गोविंद कलहंस स्पोर्ट ग्रुप व ग्रामीण खेल क्लब द्वारा की ओर से आयोजित खेलकुभ को लेकर खेल प्रतिभाओं और जनपदवासियों में उल्लास है। कार्यक्रम का संचालन राय अंकुरम श्रीवास्तव ने किया। विशिष्ट अतिथि भनवापुर कुंवर अमित सिंह व कुंवर आनंद सिंह ने आयोजकों का धन्यवाद किया। प्रिंसिपल प्रमोद उपाध्याय, राधेश्याम चौधरी, राजेश सिंह, राहुल यादव, अजय सिंह, हनुमान सिंह, जंग बहादुर चौधरी, अतुल सिंह, दीपक पांडे, शिवम सिंह, सुधाकर यादव, ज्ञानेश्वर चौधरी, राजन सिंह, आफताब आलम, रियाज अहमद, विनोद मोदनवाल, संदीप राजभर, बाबू गुप्ता, अंगद, नईम, प्रियंकना सिंह मौजूद रहे।

# सत्य को समर्पित करने वाला ही सत्ता का अधिकारी



## —7 दिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ संत सम्मेलन

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । श्री बाबा झुंगीनाथ धाम में 7 दिवसीय श्रीविष्णु महायज्ञ संत सम्मेलन में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से आचार्य देवर्षि त्रिपाठी ने कहा कि जो ईश्वर से सम्बन्ध जोड़ लेता है जगत उसी के पीछे दौड़ने लगता है। जिसका जीवन शुद्ध और पवित्र है उसी को भजनानन्द मिलता है। जो पवित्र जीवन जीता है उसे ही ईश्वर का ज्ञान मिलता है। सुनीति का फल ध्रुव है। जो नीति के अधीन रहेगा उसे ब्रम्हानन्द प्राप्त होता है।

ध्रुव तपस्या का वर्णन करते हुये महात्मा जी ने कहा कि अधिकारी शिष्य को मार्ग में ही गुरू मिल जाते हैं। परमात्मा और सद्गुरू दोनो व्यापक है। सर्व व्यापी को खोजने की नहीं, पहचानने की आवश्यकता है। नारद जी की प्रेरणा से भक्त ध्रुव ने वृन्दावन में यमुना नदी के तट पर मधुवन में उपासना आरम्भ किया। भक्त ध्रुव ने घोर तपस्या किया और जब देवगण ने नारायण से प्रार्थना किया कि आप ध्रुव कुमार को शीघ्र दर्शन दीजिये तो भगवान ने देवो से कहा मैं ध्रुव को दर्शन देने नहीं स्वयं ध्रुव का दर्शन करने जा रहा हूं। ध्रुव को दर्शन देते हुये भगवान ने कहा तू कुछ कल्पो के लिये राज्य का शासन कर इसके पश्चात तुझे अपने धाम में ले चलूंगा। महात्मा जी ने कहा कि परमात्मा जिसे अपना बनाता है शत्रु भी उसकी बन्दना करते हैं। राजा उत्तानपाद ने पुत्र ध्रुव को गले से लगा लिया और माता सुनीति को लगा कि आज ही वह पुत्रवती हुई है क्योंकि उसका पुत्र भगवान को प्राप्त करके आया है। महात्मा सन्तोष शुक्ल ने कहा कि सत्य को समर्पित करने वाला ही सत्ता का अधिकारी है। सत्य स्वरूप परमात्मा के प्रति जब जीव का समर्पण होता है तभी कर्तव्य का ज्ञान होता है। महात्मा जी ने कलयुग के प्रवेश, धर्म के दुःखी होने, नारद के प्रयास और परमात्मा के अवतारों का विस्तार से वर्णन करते हुये कहा कि भागवत कथा के श्रवण से वासना की ग्रन्थियां टूटती है।

श्रीराम कथा में संयोजक ध्रुवचन्द्र पाठक, मुख्य यजमान गुरू प्रसाद गुप्ता, उदय नरायन पाठक, सीता पाठक, जगदम्बा पाण्डेय, शीतला गोस्वामी, शिवमूरत यादव, रामसुन्दर, उदयनरायन पाठक, ओम प्रकाश पाठक, परमात्मा सिंह, अनिल पाठक, मनोज विश्वकर्मा, नरेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, त्रियुगी नारायण त्रिपाठी, हृदयराम गुप्ता, पिन्टू मिश्रा, बब्लू उपाध्याय, रामसेवक गौड़, उर्मिला त्रिपाठी, बीरेन्द्र ओझा , अमरजीत सिंह , शुभम पाठक , राम बहोरे , उमेश दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता उपस्थित रहे।

# नशीली दवाओं की खेप के साथ दो युवक दबोचे गए

**संवाददाता—कुशीनगर।** सीमा पर नशीली दवाओं का काला कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर ठूठीबारी सीमा पर नशीली दवाओं की खेप के साथ दो आरोपितों को पुलिस ने दबोचा है। ये दोनों बड़ी मात्रा में डायजिपाम व बुप्रेनार्फीन इंजेक्शन को नेपाल पार कराने की फिराक में थे। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर इस समय सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी बढ़ गई है। इसके बाद भी नशीली दवा के कारोबारी बाज नहीं आ रहे हैं। बुधवार की सुबह पुलिस को मुखबिर से खबर मिली कि ठूठीबारी के शांतिनगर के मर्चहवा रोड से तस्कर नशीली दवा लेकर नेपाल जाने की फिराक में हैं। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस ने नशीली दवाओं की खेप के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान निरंजन उर्फ विवेक निवासी ठूठीबारी व निकेश निवासी ग्राम पिपरा थाना बरगदवा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

महाकुंभ को लेकर प्रभारी कोतवाल प्रणव ओझा एसआई दिव्य प्रकाश, महिला सब इंस्पेक्टर खुशबू, हेड कां. माणिकचंद, कां. सतीश यादव, नंदलाल यादव, भीम कुमार, कवि कुमार व बलवंत यादव के साथ मर्चहवा रोड पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक नशीली दवाओं के साथ नेपाल जाने की फिराक में है। इस पर तत्परता दिखाते हुए टीम ने मर्चहवा रोड के समीप स्थित नवरंगा बगीचे के पास घेराबंदी कर दी। इसी बीच दो युवक पैदल हाथ में प्लास्टिक के कैरेट लेकर नेपाल की ओर जाते दिखे। पुलिस ने दोनों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ा। उनके पास से 480 पीस डायजिपाम व 490 पीस बुप्रेनार्फीन इंजेक्शन बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि नशीली दवाओं को नेपाल ले जाकर बेचते हैं। इससे उनकी मोटी कमाई होती है। बुधवार की सुबह वे नशीली दवाओं को नेपाल पहुंचाने के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

अनुज कुमार सिंह, सीओ ने कहा कि नशीली दवाओं को लेकर जाने की सूचना पर ठूठीबारी पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा। उनके पास से मादक पदार्थ बरामद हुए, जिसका कोई कागजात उनके पास नहीं था। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रक के नीचे दबने से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर



**संवाददाता—कुशीनगर।** कुशीनगर के कसया पडरौना मार्ग पर डिघवा मोड़ के समीप ट्रक की ठोकर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में ट्रक नियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे एक युवक दब गया था। मौके पहुंची पुलिस ने ट्रक को हटाकर युवक के शव को बाहर निकाल कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देवरिया जनपद के भलुहनी थाना क्षेत्र के जरार मानिक निवासी जयप्रकाश पुत्र दरबारी उम्र 27 वर्ष व शशि कुमार पुत्र स्वर्गीय सुरेश उम्र 26 साल बाइक से पुलिस लाइन में चल रहे अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन व शरीर मापन में शामिल होने के लिए जा रहे थे। अभी वह कसया पडरौना मार्ग पर डिघवा मोड़ के समीप पहुंचे थे कि सामने से आ रहे ट्रक ने उनके बाइक में ठोकर मार दिया। इसके बाद ट्रक नियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गया। उसके नीचे दबने से शशि कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वही जयप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर कसया थाने के दरोगा विवेक तिवारी व रघुनाथ गौतम आदि पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर हाइड्रा से ट्रक को हटवा कर युवक के शव को बाहर निकाल कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे से हाईवे पर आधे घंटे तक अवागमन प्रभावित रहा।

## नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में पांच चयनित

**संवाददाता—गोण्डा।** नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत नंदनी कृषक समृद्धि योजना में बुधवार को पांच लाभार्थियों का चयन किया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन अंतर्गत गौवंशीय पशुओं के नस्ल सुधार व दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने के लिए यह महत्वांकाक्षी योजना चलाई जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि डीडीओ की अध्यक्षता में सभी 14 लाभार्थियों के समक्ष लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसमें लक्ष्य के अनुरूप पांच लाभार्थियों का चयन ई लाटरी के माध्यम किया गया। इनमें हर्ष सिंह निवासी परसपुर, दशरथ सिंह निवासी तरबगंज, प्रदीप कुमार पांडे निवासी तरबगंज, सुनीता शर्मा निवासी परसपुर व रंजीत सिंह निवासी झंझरी के नाम शामिल हैं।

# फर्जीवाड़े में आरटीओ दफ्तर के दो लिपिकों पर गिरी गाज



**संवाददाता—गोण्डा।** वाहनों के फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में अब आंच आरटीओ आफिस तक भी पहुंच गई है। फर्जीवाड़े में प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाए जाने पर दो बाबुओं पर कार्रवाई की गाज गिरी है। आरटीओ दफ्तर में तैनात एक कनिष्ठ लिपिक को आरटीओ ने निलंबित कर दिया है तो वहीं वरिष्ठ लिपिक के निलंबन के लिए उच्चाधिकारियों को संस्तुति भेजी गई है। दो बाबुओं पर कार्रवाई के बाद बुधवार को पूरे आरटीओ दफ्तर में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। दबी जुबान से हर कर्मचारी तरह—तरह की चर्चाएं करता नजर आया लेकिन कोई भी खुलकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं था। फिलहाल इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार को थाना कोतवाली नगर व एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने वाहनों के फर्जी रजिस्ट्रेशन, फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पकड़े जाने वालों में आशुतोष तिवारी उर्फ गायत्री पुत्र प्रदीप कुमार तिवारी निवासी गायत्रीपुरम नैय्यर कालोनी व मसीउल्लाह उर्फ गुड्डू पुत्र समीउल्ला निवासी निकट रेलवे स्टेशन कचेहरी शामिल थे। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर आधा दर्जन कूटरचित रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, 37 विभिन्न प्रकार की नकली मोहरें, 170 अदद वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनानें के लिए ब्लैंक व खाली पेपर व तीन विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन बरामद किए गए थे। पुलिस ने पुलिस लाइन मोड़ पर स्थित फोटो कापी की दुकान में दबिश देकर कई फर्जी कागजात बरामद किए थे। यही नहीं आरटीओ आफिस के पास स्थित आनलाइन व लोकवाणी के दुकानदार आशुतोष को भी पकड़ा था। पुलिस ने दावा किया था कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान पता चला है कि आरोपियों की आरटीओ कार्यालय में सांठ गांठ है। इनके द्वारा वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र का सरकारी कागज प्राप्त किया जाता है और अनुचित लाभ कमाने के लिए नकली रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाकर ग्राहकों को दिया जाता है । इन अभियुक्तों द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए विभिन्न कार्यालयों की नकली मोहरें भी बनवायी गयी हैं, जिसमें से कुछ मोहरों की बरामदगी भी हुई है। विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया संलिप्त मिले दो बाबू रू बताया जाता है कि पुलिस के खुलासे के बाद विभागीय जांच कराई गई। जांच में प्रथम दृष्टया आरटीओ दफ्तर में तैनात कनिष्ठ लिपिक रमेश शुक्ला व वरिष्ठ लिपिक विद्याभूषण गुप्ता फर्जीवाड़े में संलिप्त पाए गए, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। मामले में अभी अन्य कइयों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। उमाशंकर यादव, आरटीओ प्रशासन ने कहा कि वाहनों के फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में प्रथम दृष्टया कनिष्ठ लिपिक रमेश शुक्ला व वरिष्ठ लिपिक विद्याभूषण गुप्ता की संलिप्तता सामने आई है। कनिष्ठ लिपिक रमेश शुक्ला को निलंबित कर दिया गया है और वरिष्ठ लिपिक विद्याभूषण के निलंबन के लिए उच्चाधिकारियों को संस्तुति भेजी गई है।

# सपा संस्थापक के खिलाफ महंत राजू दास की टिप्पणी के खिलाफ भड़के सपाई



**संवाददाता—बहराइच।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के विरुद्ध हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी की स्थानीय इकाई ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए महंत के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है। हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास के फेसबुक आईडी से प्रयागराज कुम्भ में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मूर्ति पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पोस्ट के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर खबर आग की तरह फैल गई और सपा के कई नेता पार्टी जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव की अगुवाई में महंत राजू दास के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए नगर कोतवाली पहुंचकर उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की तहरीर दिया किन्तु शहर कोतवाल ने जांच कर मुकदमा दर्ज करने की बात कही जिस पर सपा जिलाध्यक्ष और कोतवाल के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। जिलाध्यक्ष के साथ गए लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव ने कहा कि नेता जी हम सब लाखों करोड़ों के भगवान हैं। इस प्रकार की टिप्पणी को हम किसी कीमत पर सहन नहीं करेंगे और इस अपमान का बदला हम हर कीमत पर लेकर रहेंगे। इस अवसर पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष उत्तम कुमार सिंह, जिला सचिव आनंद प्रकाश यादव, मयंक मिश्रा, आशीष गौरव श्रीवास्तव, शकील अहमद एडवोकेट जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, मोबिन खान तथा रमेश यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## पकड़ा गया आदमखोर तेंदुआ, देखने के लिए ग्रामीणों का उमड़ा हूजुम

**संवाददाता—कुशीनगर।** आखिरकार आदमखोर तेंदुआ पकड़ा गया। दरअसल रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पगार टांडी टोला के समीप झाड़ी के समीप सूअर के फंसाने के लिए लगी जाल में तेंदुआ फंस गया। उधर, इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर ग्रामीणों का हूजुम उमड़ पड़ा। तेंदुए को देखने के लिए अगल—बगल के लोगों की भीड़ लग गई। वहीं, मौके पर डीएफओ कुशीनगर और भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात है। कुशीनगर, महराजगंज समेत कई जिलों में तेंदुए ने जहशत मचा रखा है। कुशीनगर के रामकोला में बुधवार को सूअर फंसाने वाली जाल में तेंदुआ फंस गया। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। उधर, जानकारी मिलने पर मौके पर डीएफओ कुशीनगर और भारी मात्रा में पुलिस बल भी पहुंची। तेंदुए को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाएगा।

इससे पहले मधवलिया रेंज के जंगल से सटे कोहड़वल गांव के



सिसवाडीह टोले में मंगलवार दोपहर बाद एक तेंदुआ पहुंच गया। गांव के जयप्रकाश यादव के भूसा रखने वाले घर में छिप गया।

एक महिला पर झपट्टा मारकर घायल भी किया है। इसे देखने के बाद परिवार के लोगों के हाथ—पांव फूल गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। अफरा—तफरी के बाद लोग छतों पर चढ़ गए। तेंदुए के दहशत से लोग परेशान हो गए हैं। सूचना पाकर वन क्षेत्राधिकारी मधवलिया अजीत कुमार और एसओ निचलौल अपनी टीम के साथ पहुंच गए। तेंदुए को रेस्क्यू करने के लिए शाम को पिंजड़ा आ पाया। इसके बाद टीम ने तेंदुए का रेस्क्यू करने की कोशिश शुरू की। देर शाम तेंदुए का रेस्क्यू कर उसे रेंज ऑफिस ले जाया गया।

इसके अलावा मुरादाबाद एयरपोर्ट से सोमवार की सुबह रेस्क्यू किया गया तेंदुआ लगभग 30 घंटे बाद जंगल में रिलीज किया गया। खुले आसमान में पहुंचने के लिए तेंदुए को तीस घंटे का इंतजार करना पड़ गया। मंगलवार को तेंदुए को अमानगढ़ रेंज में रिलीज किया गया है। इससे पूर्व पिंजरे में कैद हुए तेंदुए ने खुद को चोट भी मार ली।

## महंत राजू दास के खिलाफ कार्रवाई के लिए सपा ने दी तहरीर

**संवाददाता—श्रावस्ती।** अयोध्या के महंत राजूदास की ओर से मुलायम सिंह यादव के खध्लिाफ की गई टिप्पणी से सपा कार्यकर्ता नाराज हैं। कार्यकर्ताओं ने कोतवाल भिनगा को तहरीर देकर महंत के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। कोतवाली भिनगा में विरोध प्रदर्शन करते हुए सपा जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव ने कहा कि महंत राजूदास ने मुलायम सिंह यादव पर गलत टिप्पणी करके समाज का अपमान किया है। जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महंत राजू दास लगातार समाजवादियों के खध्लिाफ अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इससे समाजवादी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इस मौके पर विधायक भिनगा इंद्राणी वर्मा,पूर्व विधायक असलम राईनी,जिला महासचिव राजा खान,जिला मीडिया प्रभारी अहमद पठान,हफीजुर रहमान,रामराज बौद्ध, सौरभ यादव,रमेश चंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरह से समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महोत्सव में हुए शामिल, डा. राजानंद शास्त्री ने 108 किलो के माला से किया स्वागत



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में बुधवार को प्रातःकाल मणिरामदास छावनी से गाजे—बाजे संग भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो अपने गंतव्य मणिरामदास छावनी के श्रीराम सत्संग भवन पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार से धर्मध्वजा का एवं मंडल पूजन किया गया। उसके बाद 250 विद्वानों पंडितों ने सवा लाख श्रीरामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरंभ किया। शोभायात्रा में आगे रथ पर श्रीरामलला, बजरंगबली और सात विशेष रामरक्षा यंत्र विराजमान रहा। दूसरे रथ पर मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास और महंत राजूदास की मौजूदगी रही। यह कार्यक्रम श्रीरामलला अयोध्याजी सेवा समिति के तत्वाधान में हो रहा है। जिसे रामलला महोत्सव का नाम दिया गया। जो 41 दिनों तक अनवरत चलेगा। इस क्रम में 51 विद्वान पंडित मणिरामदास छावनी में प्रतिदिन 21 सौ रामरक्षा स्तोत्र का पाठ करेंगे।

रामलला महोत्सव के आयोजक और श्रीरामलला अयोध्याजी सेवा समिति अध्यक्ष डॉ. आचार्य राजानंद शास्त्री ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को श्रीरामजन्मभूमि पर भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण हो गया। इस अवसर पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज 108 किलो की माला पहना करके डॉ राजानंद शास्त्री का स्वागत किया और श्री महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। रामलला की प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर हम लोग 41 दिनों का उत्सव मना रहे हैं। रामरक्षा स्तोत्र के पाठ संग महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। इस मौके पर धर्मध्वजा संग दिव्य शोभायात्रा निकली। मंडल पूजन किया गया। अयोध्या के विद्वान पंडितों ने रामरक्षा स्तोत्र का पाठ किया। सायंकाल संत—महंतों का समागम और राममंदिर आंदोलन के बलिदानी कारसेवकों को नमन किया गया। रात्रि में सात बजे से देररात्रि तक भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य आकर्षण इंदौर के सुधीर व्यास रहे। श्री शास्त्री ने बताया कि अनुष्ठान के क्रम में सात विशेष रामरक्षा यंत्र अभिमंत्रित किया जायेगा। जिसमें पहला यंत्र श्रीरामलला, दूसरा हनुमानगढ़ी में बजरंगबली को समर्पित किया होगा। तीसरा रामरक्षा यंत्र मणिरामदास छावनी में। चौथा पीएम मोदी एवं पांचवा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया जायेगा। छठां यंत्र समिति को तथा सातवां यंत्र धार्मिक अनुष्ठानों में उपयोग होगा। प्रधानमंत्री—मुख्यमंत्री को रामरक्षा यंत्र श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के द्वारा दिया जाएगा। वर्षगांठ महोत्सव पर रामलला को 56 भोग लगा व जयपुरी रजाई समर्पित की गई। वहीं श्रद्धालुओं में पौष बड़ा का प्रसाद वितरित किया गया। महंत कमलनयन दास ने कहा कि श्रीरामरक्षा यंत्र जनमानस का कल्याण करेगा। जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य महाराज ने कहा कि श्री राम रक्षा यंत्र से सभी आम जनमानस को इसका लाभ मिलेगा और राष्ट्र का भी कल्याण होगा।सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास ने कहा कि हम सबकी पीढ़ी बहुत ही सौभाग्यशाली हैं। जो हम सबने रामलला का भव्य मंदिर और उसमें रामलला को विराजमान होते देखा। हम लोग भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने प्रथम वर्षगांठ महोत्सव मना रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व एवं खुशी की बात है। संत सम्मेलन मेंअधिकारी छविराम दास सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

# पंचायत में किसान ने बुलंद की आवाज

**संवाददाता—गोण्डा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने बुधवार किसानों और आम जनमानस की समस्याओं को लेकर तहसील प्रशासन से पंचायत कर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।छुट्टा जानवरों से किसानों को राहत दिलाने के लिए उन्हें गौशालाओं में संरक्षित करने की मांग की। इसके साथ ही कर्जदार किसानों से बैंक द्वारा जबरन वसूली व खाते पर लगी रोक हटाने की मांग की। किसान पंचायत में एसडीएम विशाल कुमार और पशु चिकित्सा अधिकारी पूजा आर्या ने पहुंचकर समस्याएं सुनी। एसडीएम ने समस्याओं के निदान के लिए आश्वासन भी दिया।

वरिष्ठ समाजसेवी केटी तिवारी ने वादकारियों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि वर्तमान तहसीलदार न्यायिक के तैनाती के दौरान लिए गए सभी मुकदमों के निर्णय की समीक्षा न्यायिक पैनल बनाकर कराने की मांग की है। आरोप भी है कि न्यायिक तहसीलदार मुकदमे के दोनों पक्ष से धन उगाही करते हैं। जिस पक्ष से अधिक रकम मिलती है, उसके पक्ष में फैसला सुना देते हैं।

भाकियू जिलाध्यक्ष शिवराम उपाध्याय ने बताया कि खाते पर होल्ड लगाने से किसानों की सम्मान निधि का भुगतान नहीं हो पा रहा है, जिससे उनकी गृहस्थी पर संकट है। बेरोजगारों से नौकरी के आवेदन पर लेने वाले शुल्क व कापी किताब पर लिए जाने वाले जीएसटी शुल्क को हटाने की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रवि नंदन सिंह, राजेश उर्फ बब्बू तिवारी, स्वाति श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

